आर्टिकुलेटेड ऑल-टेरेन वाहन

[भारतीय सेना](#) ने [लद्दाख](#) और **कच्छ** में तैनात किये जाने वाले **आर्टिकुलेटेड ऑल-टेरेन वाहनों** (Articulated All-Terrain Vehicles) की आपूर्ति हेतु **RFI** (Request For Information) यानी 'सूचना के लिये अनुरोध' जारी किया है।

- RFI किसी वस्तु या सेवा के संभावित आपूर्तिकर्त्ताओं से **जानकारी एकत्र करने की एक औपचारिक प्रक्रिया** है।

//

आर्टिकुलेटेड ऑल-टेरेन वाहन क्या हैं?

- यह **दोहरे केबिन वाला, ट्रैक्ड (पूरी तरह से कैटरपिलर ट्रेड द्वारा समर्थित और संचालित), द्विधा गतिवाला** (जल तथा स्थल दोनों में चलने वाला) वाहन है। इसका उपयोग ऑफ रोड मोबिलिटी अर्थात् सड़क रहित क्षेत्रों में आवागमन के लिये किया जाता है।
- इस उपकरण का विशिष्ट डिज़ाइन **मिट्टी पर कम दबाव** डालता है और दोनों केबिन्स के बीच पुल एंड पुश मोड में बर्फ, रेगिस्तान एवं कीचड़ वाले विभिन्न इलाकों में गतिशीलता की सुविधा प्रदान करता है।
- **केबिन बॉडी में लगा बैलिस्टिक प्रोटेक्शन** इसमें बैठे सैनिकों को छोटे हथियारों से की जाने वाली गोलीबारी से सुरक्षा प्रदान करता है।
- ये वाहन **उन स्थानों पर पहुँच सकते हैं जहाँ पहियेदार वाहन अत्यधिक बर्फ, कीचड़ अथवा दलदल के कारण नहीं पहुँच सकते।** इस प्रकार ये सामरिक स्थितियों में गश्ती और त्वरित तैनाती के लिये बहुत प्रभावी हो सकते हैं।

उपयोगिता:

- ये वाहन **बर्फीले इलाकों और दलदल युक्त अथवा रेतीले क्षेत्रों में** सैनिकों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने या रसद आपूर्ति हेतु बहुत उपयोगी हैं।
- भारतीय सेना लद्दाख के बर्फीले क्षेत्र और कच्छ के रण के दलदली इलाके में इन वाहनों का इस्तेमाल करना चाहती है।

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/articulated-all-terrain-vehicles